संक्षिप्त

ग्रामीणों की समस्या सुनी

टोंक। जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अन्तर्गत पंचायत समिति उनियारा की ग्राम पंचायत फुलेता में आयोजित कैम्प का शुभारंभ कर कैम्प में आमजन से प्राप्त परिवादों को त्वरित गति से समाधान के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश। इसके पश्चात जिला प्रमुख सरोज बसंल द्वारा उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं के संबंध में जनसुनवाई कर उनकी समस्याओं के संबंध में बातचीत की ग्रामीणों ने पेयजल सप्लाई नहीं होने एवं विधुत आपूर्ति सुचारू नहीं होने संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। इस पर जिला प्रमुख सरोज बसंल ने कैम्प में उपस्थित बीसलपुर पेयजल योजना के अधिकारी को निर्देशित किया गया मौका स्थल का निरीक्षण कर तुरन्त पेयजल समस्या का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला प्रमुख सरोज बसंल ने सहायक अभियन्ता विधुत एवं कैम्प में उपस्थिति कार्मिक को भी निर्देशित किया कि विधुत विभाग से प्राप्त शिकायतों को शीघ्र समाधान करे।

डॉक्टरर्स व सीए का सम्मान

टोंक। डॉक्टर्स व सीए दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब टोंक ने शहर के सआदत अस्पताल व जनाना अस्पताल टोंक में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें इनर व्हील क्लब की डॉ. गीता माहेश्वरी व डॉ. शशी कुर्मी और सीए मृदुला व प्रभा को लक्ष्मी जैन पूर्व चेयरमेन नगर परिषद ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष रूप से सराया गया और उन्हें सम्मान के तौर पर उपहार और माला पहनाई गई। क्लब की अध्यक्ष श्वेता सिंघल ने सभी का आभार प्रकट किया और बताया कि यह आयोजन सामुदायिक सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रति इनर व्हील क्लब की प्रतिबद्धता को दर्शाता है इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता, किरण त्रिपाठी, अल्पना जोनवाल, लक्ष्मी जैन, अंजू कक्कड, दीपिका सिंघल, ममता गर्ग, डॉ गीता माहेश्वरी, बिना रानी, मधु गोयल, पुष्पा मीना, इत्यादि सभी सदस्य मौजूद रहे।

खाद्य अनुज्ञा लाइसेंस दिये

टोंक। खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण आयुक्त जयपुर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी के निर्देशन में बुधवार को निवाई कृषि मंडी में खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मंडी व्यापारियों के 65 लाइसेंस रिन्यूअल किए गए एवं चार नए लाइसेंस मौके पर ही जारी किए गए। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने सभी व्यापारियों को लाइसेंस वितरित किए।

मुकेशकुमार प्रदेश उपाध्यक्ष बने

निवाई। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार व प्रदेश महामंत्री कमलेश गुर्जर के निर्देशानुसार प्रदेश संयोजक ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। प्रदेश संयोजक पंडित जितेंद्र कटारा ने बताया कि कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कार्यकारणी में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मुकेशकुमार शर्मा को मनोनीत किया है।

विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड ने सपत्नीक देव दर्शन किए

पावटा । राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता एवं विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने अपनी पत्नी मंजू चौधरी के साथ मंगलवार को अपने जन्मदिन की शुरुआत क्षेत्र के पीठाधीश्वर छितर दास महाराज खोरा आश्रम में दर्शन कर एवं पौधारोपण कर की। तत्पश्चात विधायक कुलदीप धनकड ने श्रवण दास महाराज अन्नदाता धाम हरिकिशनपुरा, जानकीदास महाराज आश्रम पालवाले मंदिर नवरंगपुरा, श्री गणेश जी मंदिर विराटनगर, बाबा मस्तनाथ महाराज दत्त टेकडी छीतौली, श्याम मंदिर जयसिंहपुरा, बजरंगदास महाराज कारोली, देवनारायण व हीरामल बाबा मंडा, गोपाल दास जी महाराज मंदिर भांकरी, बाबा बालकनाथ महाराज बावड़ी, टीलाजी महाराज खेलना, झिडा वाले बालाजी महाराज मंदिर बजरंगपुरा, लील का धाम आंतेला, खेम जी महाराज मंदिर जसवंतपुरा, परम पूज्य संत श्री नारायण दास महाराज

विधायक कुलदीप धनकड का जन्मदिन पर भाजपा जनो व ग्रामीणों ने स्वागत किया।

तपोस्थली में देव दर्शन कर कहा कि भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य है।

मेरा परम सौभाग्य है कि प्रदेश के सबसे बडे गौ-अभयारण्य में जन्मदिन पर साधु-संतों एवं गौ-माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये हमारी संस्कृति को न केवल पुष्पित-पल्लवित करते है, बल्कि हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। वही उन्होंने क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक धनकड ने क्षेत्र के प्रमुख मंदिर परिसर स्थित उद्यान में एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया व गौ सेवा की। उन्होंने कहा कि

- जन्मदिन समारोह में बधाई देने वालों का तांता लगा
- जगह जगह भाजपाइयों, ग्रामीणों, समर्थकों ने पुष्प वर्षा कर किया विधायक का स्वागत

गौ-माता में हमारे 33 कोटि देवी-देवता विराजमान है, गौ-माता अपने आंचल से हमको जीवन देती है, यह प्रकृति के समान हमको जीना सिखाती है।

उन्होंने कहा कि जो गाय पालते हैं, वे सभी गोपाल हैं। जिन घरों में गाय का कुल है, वह गोकुल हैं। वही विधायक कुलदीप धनकड ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है : शची पारीक

निवाई। भगवान दास पारीक ड्रीम स्कूल का 13वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ शची पारीक, यशवंत पारीक एवं प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राजोरा ने मां सरस्वती की प्रतिमा एवं समाजसेवी व शिक्षाविद स्व. भगवानदास पारीक की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। निदेशिका डॉ. शची पारीक ने स्कूल की उपलब्धियों और भविष्य की आकाक्षाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. पारीक ने स्कूल के विकास और सफलता में योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, अध्यापक-अध्यापिकाओं व कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को अकादमिक और व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने वाले पोषण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रिंसिपल ओमप्रकाश राजोरा ने स्कूल की गतिविधियों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का स्थापना दिवस छात्र-छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारा संस्थान

- भगवान दास पारीक ड्रीम स्कूल का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, विकास को बढ़ावा देने और प्रतिभा को पोषित करने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमने शिक्षा व खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जिसके लिए उन्होंने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और समुदाय निर्माण के लिए भगवानदास पारीक ड्रीम स्कूल छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट भविष्य के निर्माण के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है। **फूड लाइसेंसों का नवीनीकरण :** निवाई कृषि उपज मंडी में मंडी समिति व्यापारियों के फूड लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा व राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि कृषि उपज मंडी में फूड इंस्पेक्टर सत्यनारायण गुर्जर ने मंडी समिति व्यापारियों के फूड लाइसेंस का नवीनीकरण करते हुए 65 लाईसेंस का नवीनीकरण किया ।

टोंक कलेक्टर ने घुमंतू एवं अर्धघुमंतु परिवारों को आवासीय पट्टे सौंपे

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत कलेक्टर ने आवासीय पटटे सौंपे।

टोंक। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत बुधवार को जिले की कई ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए, इन शिविरों में सीमाज्ञान, आपसी सहमति से भूमि विभाजन, रास्ता खोलने, आवासीय पट्टे एवं खाद्य सुरक्षा योजना आदि से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत दी गई। टोडारायसिंह उपखंड की ग्राम पंचायत पंवालिया में आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने निरीक्षण किया, शिविर के दौरान विभिन्न काउंटरों पर जाकर आमजन की समस्या समाधान

- कलेक्टर ने घुमंतू, अर्धघुमंतु परिवारों को आवासीय पट्टे बांटे

एवं उन्हें राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। शिविर में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में पेयजल एवं विद्युत समस्या के बारे में बताया। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत में आज ही खराब ट्रांसफार्मर को बदला जाए तथा जहां-जहां पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त है उन्हें ठीक किया जाएं, उन्होंने सभी अधिकारियों को कैंपों में आमजन के कामों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। इसके लिए प्री कैंप एक्टिविटी को आवश्यक रूप से किया जाए।

जिला कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा योजना में आए आवेदनों के निस्तारण को लेकर प्रो एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

शिविर में चिकित्सा विभाग की टीम के पास बीपी, शुगर की जांच करने के लिए आवश्यक उपकरण नहीं मिलने पर नाराजगी जताई।

चिकित्सक सम्मानित

मनोहरपूर । लोहानी न्यूज़ सर्विस मनोहरपूर ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के मौके पर चिकित्सको का सम्मान किया है। अब्दुल अज़ीज़ लोहानी ने बताया कि लोहानी न्यूज़ सर्विस के सदस्यों द्वारा आर के मेमोरियल अस्पताल पहुँचकर पीड़ित मानव की सेवा करने वाले,धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सकों व रेजिडेंट चिकित्सको का तिलक वंदन करके स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मान किया। लोहानी ने बताया कि चिकित्सक का हम सभी के जीवन में एक अहम रोल रहता है जिससे कई गंभीर रोगों से मुक्ति पीड़ित मरीज को मिलती है इसलिए धरती पर चिकित्सक को भगवान को दर्जा दिया गया चिकित्सक दिवस पर हर आमजन का कर्तव्य बनता है कि वो चिकित्सक के प्रति सम्मान व्यक्त करे । डॉक्टर राजेश गुप्ता व डॉक्टर मयूरा गुप्ता का स्वागत किया।

नव दिवसीय श्रीराम महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरु

निवाई/गुंसी। मनोहरपुरा भेरुजी का बासडा में स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर, भौमिया जी एवं गुरु महाराज के स्थान पर महामंडलेश्वर नागा पागलदास महाराज वाटिका के सानिध्य में विशाल 11 कुण्डीय नव दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। यज्ञ सेवा समिति सदस्य बद्रीलाल शर्मा व श्याम शर्मा ने बताया कि श्रीराम यज्ञ को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एनबीसी फैक्ट्री के सामने स्थित शंकर एवं बालाजी महाराज के मंदिर से संत पागलदास महाराज के सानिध्य में 151 कलशों की पूजा-अर्चना करके भव्य कलयायात्रा रवाना हुई। उन्होंने बताया कि कलशयात्रा में श्रद्धालुओं ने डीजे के मधुर भजनों पर जमकर भक्ति नृत्य किया। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि नव दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक साध्वी अन्नपूर्णा शास्त्री वृंदावन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार भजन सम्राट मि-ूबना सूर्या द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी एवं यज्ञाचार्य पंडित कुलदीप वेदिक जयपुर के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोचारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी। उन्होंने बताया कि महायज्ञ को लेकर विद्वान पंडितों के सानिध्य में भगवान का दधि विधि स्नान, पंचांग पूजन, प्राश्चित संकल्प, वरूण मात्रिका पूजन, अग्नि मंथन एवं ब्राह्मण वरण सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 8:15 से 12:15 तक हवन यज्ञ एवं दोपहर 12:15 से 3:15 बजे तक नित्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को श्रीराम कथा के समापन को लेकर यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी ।

आवासीय पट्टों का वितरण

मनोहरपूर । ग्राम पंचायत खोरालाडखानी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर के तहत पात्र ग्रामीणों को आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार वर्मा विकास अधिकारी पंचायत समिति शाहपुरा,श्रीमती पिस्ता देवी प्रधान पंचायत समिति शाहपुरा, मुकेश कुमार शर्मा अतिरिक्त विकास अधिकारी, दीपक वर्मा, सरपंच ईश्वर सिंह ग्राम पंचायत खोरालाड खानी आदि अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही । इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को उनके भूमि अधिकार प्राप्त हुए,जिससे उन्हें स्थायी निवास की सुविधा मिलेगी। यह प्रयास ग्रामीण विकास और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जानकारी बाबूलाल शर्मा ने दी है।

सार-समाचार

रानी रत्ना कुमारी ''लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड'' से सम्मानित

जयपुर/शाहपुरा। राजस्थान की प्रतिष्ठित सामाजिक व पर्यटन क्षेत्र की अग्रणी महिला नेतृत्वकर्ता रानी रत्ना कुमारी शाहपुरा को द्वारा ''लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड'' से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड रानी रत्ना कुमारी शाहपुरा को ट्रैवल व टूरिज्म इंडस्ट्री में उनके असाधारण योगदान व नेतृत्व के लिए दिया गया। पुरस्कार समारोह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ, जो की 75वीं वर्षगांठ का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। टीएएआई के अध्यक्ष सुनील कुमार आर द्वारा सम्मान प्रदान करते हुए कहा गया कि ''रानी रत्ना कुमारी का कार्य न केवल राजस्थान में बल्कि पूरे देश में ट्रैवल इंडस्ट्री में महिलाओं को प्रेरणा देने वाला है।'' राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन, संस्कृति, विरासत, वेडिंग एवं टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। पर्यटन न केवल भारत की अर्थव्यवस्था और में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, बल्कि भारत विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है - जो कि हमारे सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक वैभव का प्रमाण है। विशेषकर ग्रामीण राजस्थान में पर्यटन उद्योग रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, प्रवास को रोकता है, और स्थानीय संस्कृति, शिल्प, परंपरा एवं विरासत को जीवंत बनाए रखने में सहायक सिद्ध होता है। यही कारण है कि पर्यटन आज केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि विरासत संरक्षण और सामाजिक-आर्थिक विकास का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह सम्मान पत्र/पुरस्कार उनके उसी समर्पण और प्रेरणा का प्रतीक है, जिनके प्रयासों से राजस्थान वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशेष पहचान बना रहा है। रानी रत्ना कुमारी शाहपुरा ने यह सम्मान देश की समर्पित महिलाओं और पर्यटन क्षेत्र के सभी सहयोगियों को समर्पित करते हुए कहा ''यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है। मैं इसे उन सभी महिलाओं को समर्पित करती हूं जो किसी न किसी रूप में समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही हैं।''

डायलिसिस यूनिट शुरु

पावटा। उपजिला अस्पताल पावटा में मंगलवार को डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन हुआ। डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ विधायक कुलदीप धनकड ने फीता काटकर किया। राज्य सरकार द्वारा योजना के तहत पावटा के राजकीय उपजिला चिकित्सालय में यह नि:शुल्क सेवा प्रारंभ की गई है। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि सरकार आमजन की सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है और पावटा सहित आस पास के क्षेत्र में इस सुविधा का लाभ मरीजों को मिलेगा। कार्यक्रम में सीएमएचओ आशीष सिंह, बीसीएमएचओ डॉ. कृष्ण सिंह, उपजिला अस्पताल पावटा अधीक्षक डॉ. रवि बंसल, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. एस के वर्मा, डॉ. अशोक बाज्या, डॉ. सौरभ, डॉ. खुशबु अठावाल, डॉ. अनीता सहित अन्य डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक धनकड ने बताया कि राज्य सरकार क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार कर रही है। पावटा सीएचसी को उपजिला अस्पताल में अपग्रेड किया गया है, जिसका भवन भी जल्द ही निर्माणाधीन होगा। पहले मरीजों को बेहतर इलाज के लिए कोटपुतली या जयपुर जाना पड़ता था। अब पावटा में ही उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक धनकड ने कहा कि आने वाले समय में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने लोगों से सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। सीएमएचओ आशीष सिंह, बीसीएमएचओ डॉ. कृष्ण सिंह, उपजिला अस्पताल पावटा अधीक्षक डॉ. रवि बंसल ने बताया कि डायलिसिस किडनी की गंभीर बीमारी का उपचार है। यह उन मरीजों के लिए जरूरी है, जिनकी किडनी काम करना बंद कर देती है। किडनी फेलियर के मरीजों की किडनी रक्त को फिल्टर नहीं कर पाती। इससे शरीर में विषाक्त पदार्थों की मात्रा बढ़ने लगती है। ऐसे में डायलिसिस की आवश्यकता होती है। उपजिला अस्पताल पावटा में यह सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इस मोके पर इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अस्पताल स्टाफ और अन्य लोग मौजूद रहे।

हरियालों राजस्थान के तहत पौधे रोपे

निवाई। हरियालो राजस्थान के तहत राजकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में पौधारोपण किया गया। राजकीय महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा दिशा निर्देशानुसार मिशन हरियालों राजस्थान की अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए पौधारोपण किया गया। पौधारोपण का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफसर दीपकराज जैन द्वारा गुलाब का पौधा लगाकर किया गया। उन्होंने बताया कि विभागिय निर्देशानुसार संकाय सदस्यों द्वारा भी पौधे लगाए गए। इसी दौरान लगाए गए पौधों की समय-समय पर देखभाल करने का संकल्प दिलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रूपा चौधरी ने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने पर्यावरण के लिए वरदान इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उत्साह के साथ पुरजोर मेहनत की। इसी प्रकार राजकीय प्राथमिक विद्यालय बैरवा ढाणी सीपुरा में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की मुख्य संदर्भ व्यक्ति व पर्यावरणविद् अनुपमा तिवाडी के सानिध्य में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय में कल्प वृक्ष, अमरूद, सहजन, पीपल, जामुन सहित कई पौधे लगाए गए। कार्यक्रम प्रभारी रामकिशोर सैनी ने बताया कि तिवाडी ने 50 पौधे विद्यालय को नि:शुल्क भेंट किये है। अध्यापक विश्राम गुर्जर ने बताया कि वृक्षों की रक्षा एवं पोषण की जिम्मेदारी विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों ने ली।

न्यायालयों का क्षेत्राधिकार तय

कोटपूतली । राज्य सरकार के विधि एवं विधिक कार्य विभाग द्वारा हाल ही में नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की स्थापना की थी। जिसके बाद राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश का कार्यभार एडीजे क्रम 01 डॉ. राजेष कुमार एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का कार्यभार एसीजेएम क्रम 01 डॉ. अजय कुमार बिश्नोई को सुपुर्द किया गया था। इसी क्रम में सीजेएम डॉ. बिश्नोई ने न्यायालयों के क्षेत्राधिकार का निर्धारण किया है। डॉ. बिश्नोई द्वारा जारी आदेषों के अनुसार कोटपूतली थाने के मामलों की सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटपूतली, सरूण्ड थाने के मामले एसीजेएम क्रम 02 कोटपूतली, पनियाला थाने के मामले एसीजेएम क्रम 01 कोटपूतली के द्वारा सुने जायेगें। इसी प्रकार महिला थाना कोटपूतली, आबकारी निरोधक दल कोटपूतली व आबकारी वृत्त कोटपूतली के मामले अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटपूतली द्वारा सुने जायेगें। प्रागपुरा थाने व आबकारी निरोधक दल पावटा-प्रागपुरा व भाबरू थाने के मामले न्यायिक मजिस्ट्रेट पावटा द्वारा सुने जायेंगे।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

पावटा। शाहपुरा क्षेत्र के बिदारा गांव स्थित पहाडी पर एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर शाहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया।

जानकारी देते हुए शाहपुरा थाना प्रभारी हेमराज ने बताया कि मृतक की पहचान अंजीव उर्फ नारू यादव पुत्र बनवारी यादव निवासी ठुकरान फॉर्म हाउस मनोहरपुर के रूप में हो पाई है। ज्यों 29 जून 2025 से घर से गायब था व मानसिक रूप से परेशान था। जिसकी पहचान ताऊ लालचंद पुत्र रामचंद ने की है।

इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ भी एकत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि पहाड़ी पर बकरियां चराने गए स्थानीय व्यक्ति ने पेड़ से शव लटका देखा तो उसने गांव में लोगों को इसकी जानकारी दी।

इस पर बडी संख्या में ग्रामीणों पहाड़ी पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर शाहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची

- शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी
- सूचना पर शाहपुरा पुलिस पहुंची ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का मौका-मुआयना किया
- मृतक की अभी नहीं शिनाख्त हुई
- पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाया मौके पर

और घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

वही शाहपुरा थाना पुलिस द्वारा मृतक के शव को शाहपुरा उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। फिलहाल पुलिस ने आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच शुरू कर दी है।

कुनेड मार्ग पर अंधेरे का राज

पावटा । कस्बे को स्मार्ट बनाने के लिए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका लाख दावे कर रहा है परंतु पावटा कस्बे के टसकोला, कुनेड मार्ग सहित कई मार्गो व गलियों में रात को अंधेरे का राज रहता है। कस्बे में स्ट्रीट लाइटें लगवाई जरूर गई हैं, परंतु ये रात के समय बंद रहती हैं। यहां की अधिकतर स्ट्रीट लाइटें लगभग तीन-चार महीनों से बंद हैं। इन्हें ठीक करने के लिए नगर पालिका ने खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटो विभाग को सही करवाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। पालिका की लापरवाही की वजह से रात के समय राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को परेशानी होती है। रात के समय सड़कों पर लगाई स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से इलाके के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडता है। अंधेरा होने के कारण अकेले बाहर नहीं निकलते। क्योंकि अकसर अपराधी अंधेरे का फायदा उठाते हुए लोगों व राहगीरों को लूट का शिकार बनाते हैं। ऐसी कई विगत में घटनाएं हो चुकी हैं। यहीं नहीं कई जगह सड़क पर पड़े गड्ढे भी दिखाई नहीं देते हैं, जिनकी वजह से वाहन चालक चोटिल हो जाते हैं। इसके अलावा सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशु भी अचानक वाहनों के आगे आने से परेशानी खड़ी करते हैं।

पूर्व विधायक की मौजूदगी में 'सांभर दर्शन' पोस्टर का विमोचन

सांभरझील। पूर्व विधायक निर्मल कुमार ने आज सांभर दर्शन पोस्टर का विमोचन किया।

सतगुरु केवल के संचालक विजय प्रजापति ने बताया कि इसका प्रमुख उद्देश्य बाहर से आने वाले लोगों को किन प्रमुख स्थानों पर दर्शन कराए जा

- सांभर का वर्णन तो महाभारत में भी है और दैत्य गुरु शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी के नाम से सरोवर भी है और बहुत सारे प्रमुख स्थान है।

सकते हैं जो धार्मिक दृष्टि से व ऐतिहासिक दृष्टि से इसकी जानकारी के लिए सचित्र इस पोस्टल का विमोचन करवाया गया है।

इस मोके पर पूर्व विधायक ने कहा कि सांभर का वर्णन तो महाभारत में भी है और दैत्य गुरु शुक्राचार्य की पुत्री

सांभरझील में पूर्व विधायक निर्मल कुमार ने सांभर दर्शन पोस्टर का विमोचन किया।

देवयानी के नाम से सरोवर भी है और बहुत सारे प्रमुख स्थान है। मैं तो बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे सांभर की सेवा 15 साल तक करने का मौका मिला। मैं कोशिश करूंगा पर्यटन मंत्री से मुलाकात करके यहां के पर्यटन स्थलों को और अधिक प्रमुखता प्रदान की जाए। इस मौके पर मंगलचंद प्रजापति सहित अनेक की मौजूदगी रही।